# जिले में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित

## बाढ़ के चलते नदियों पर बनें पुल डूबने से सड़क मार्ग हुए बंद



**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते जहां आम जनजीवन प्रभावित बना हुआ है वहीं तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम इमझिरा के समीप बरांझ नदी और डोभी के समीप पांडाझिर नदी पर बने पुलों के ऊपर से बाढ़ का पानी होने के कारण पुल डूबने से तेंदूखेड़ा से बरमान जाने वाला सड़क मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। जिससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार की रात्रि में हुई जोरदार वारिस के कारण रात्रि में हुई जोरदार बारिश के चलते सड़क मार्ग बंद हो गया। मार्ग से जुड़े आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से मुख्य सड़क मार्गों से संपर्क खत्म हो गया है। तथा निचली बस्तियों में भी पानी भरने की जानकारी मिली है। छोटे छोटे नरवा नालों में भी बाढ़ बनीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आवागमन नहीं कर पा रहे हैं।

### गलने लगा सोयाबीन और अरहर का बीज

लगातार वारिस के कारण खेतों में पानी भर गया है। वारिस थमने का नाम ले नहीं पा रही है। किसानों ने पूर्व में ही सोयाबीन और अरहर मक्का की बोनी कर दी थी। लेकिन उपज अंकुरित होते ही लगातार वारिस से पौधे गलने के साथ वारिस के बीच की गई छिटका की बोनी के कारण जहां बीज बह गया है वहीं अनेकों स्थानों पर बीज गलने की जानकारी प्राप्त हुई है। स्तिथि यह बनीं हुई है कि धान की फसल के जहां तहां रोपा लगाये गये थे उन्हें छोड़कर शेष किसान अभी तक रोपा नहीं लगा पाये हैं। और ना ही सोयाबीन की बोबाई कर पाये हैं। किसानों का कहना है कि फसलों को साफ मौसम धूप की आवश्यकता है। मक्का फसल भी उचित ग्रोथ नहीं कर पा रही है।

### नदी पर लगातार हो रहा कटाव

इमझिरा के समीप बहने वाली बरांझ नदी में लगातार बाढ़ के चलते नदी में कटाव पिछले दो तीन सालों से कुछ ज्यादा ही बढ़ता चला जा रहा है। इस कटाव से ऊपर श्मशान भूमि और खेल ग्राउंड की भूमी खराब होने की अशंका बनीं हुई है। तथा नदी किनारे प्रभावित किसानों को भी नुकसान होता चला जा रहा है।

## जिले में अब तक 585.2 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 12 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 585.2 मिमी अर्थात 23.04 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 12 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 57 मिमी अर्थात 2.24 इंच वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 77 मिमी, गाडरवारा में 39 मिमी, गोटेगांव में 42 मिमी, करेली में 40 मिमी और तेंदूखे ?ा में 87 मिमी वर्षा आंकी गई है। 12 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 602 मिमी, गाडरवारा में 666, गोटेगांव में 527 मिमी, करेली में 536 मिमी और तेंदूखेड़ा में 595 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 167.40 मिमी अर्थात 6.59 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 126 मिमी, गाडरवारा में 220 मिमी, गोटेगांव में 223 मिमी, करेली में 94 और तेन्दूखेड़ा में 174 मिमी

## साईखेड़ा का मवेशी बाजार बना तालाब


**नरसिंहपुर।** जिले के साईखेड़ा नगर, जो दादा धूनी वाले की तपोभूमि के नाम से जाना जाता है, वहां नगर परिषद की अनदेखी के चलते हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। नगर का मवेशी बाजार अब %तालाब% का रूप ले चुका है, और स्थिति इतनी खराब है कि वहां बने शनि मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर और शंकर मंदिर तक श्रद्धालुओं को पहुंचने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। श्रद्धालुओं को आस्था के इन पवित्र स्थलों तक पहुंचने के लिए कीचड़ और बदबूदार पानी से जूझना पड़ता है। सोचिए, आस्था का रास्ता अब गंदगी से होकर गुजरता है! यही नहीं, इसी जगह साप्ताहिक सब्जी बाजार भी लगता है, जिससे वहां आने वाले सैकड़ों ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक ओर श्रद्धा और बाजार की चहल-पहल होनी चाहिए, वहां अब दुर्गंध और पानी का अंबार है। हैरत की बात यह है कि नगर परिषद ने पानी निकासी की कोई भी ठोस व्यवस्था नहीं की है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। अब सवाल उठता है ङ्क क्या साईखेड़ा जैसे धार्मिक महत्व वाले नगर की पहचान गंदगी और लापरवाही से तय होगी? प्रशासन कब जागेगा, जब श्रद्धालु और व्यापारी तैरते हुए मंदिर और बाजार पहुंचने लगेंगे।





गाडरवारा नगर पालिका की लापरवाही

## जलभराव और कचरे से भरी कॉलोनियां, नागरिकों में आक्रोश



**गाडरवारा।** विश्वविख्यात ओशो रजनीश की नगरी गाडरवारा आज बदहाल नगर व्यवस्था और नगर पालिका की घोर लापरवाही के कारण सुर्खियों में है। नगर की कई कॉलोनियों में नालियों की सफाई न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न रहने से भारी जलभराव की स्थिति बन गई है। वहीं, जगह-जगह फैला कचरा हालात को और बदतर बना रहा है। आर टी आई कॉलोनी, चंद्रकेसर कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड की सड़क बनी तालाब जैसी वार्ड वासियों को आने जाने में इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है ऐसे ही शहर के कई वार्डो में बारिश के बाद कॉलोनियों की गलियों में पानी भर गया है, जो अब धीरे-धीरे गंदे कचरे के साथ मिलकर बदबू और बीमारी का कारण बन रहा है। स्थानीय रहवासी मजबूरन कीचड़ और गंदगी से होकर गुजरने को विवश हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर से बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा न तो नालियों की समय पर सफाई करवाई जाती है और न ही नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था है। नगर में चारों ओर गंदगी का आलम है। मच्छर, मक्खियों और दुर्गंध से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका को शिकायतें दीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रशासन की यह उदासीनता जनता के स्वास्थ्य और सम्मान दोनों के साथ खिलवाड़ है। जनता का सवाल है कि जब एक अंतरराष्ट्रीय पहचान रखने वाला नगर ही इस हाल में है, तो बाकी का क्या होगा? नागरिकों ने जल्द से जल्द नगर पालिका से ठोस कार्रवाई की मांग की है, ताकि गाडरवारा की छवि और जनता का स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रह सकें।

## तीन प्रमुख पुलों पर यातायात शुरू



**नरसिंहपुर।** जिले में तीन प्रमुख पुलों पर यातायात शुरू नर्मदा का जलस्तर घटने से राहत, प्रशासन ने कहा फिर भी सतर्कता बरतें, 1 दिन पहले नरसिंहपुर में लगातार बारिश और बरगी बांध के गेट खुलने से उफान पर आई नर्मदा नदी का जलस्तर अब कम हो रहा है। शुक्रवार को जलस्तर घटने के बाद झांसी घाट, झिकोली और ककराघाट पुल पर यातायात फिर से शुरू हो गया है ।



## गर्भवती महिला ने पुलिया पार की

**नरसिंहपुर।** जान जोखिम में डालकर प्रेग्नेंट महिला ने पुलिया पार की रपटा पुल पर सिर्फ डेढ़ फीट पानी था, फिर भी एंबुलेंस उस पार नहीं गइनरसिंहपुर जिले में 108 एंबुलेंस सेवा की लापरवाही का मामला सामने आया है। कुम्हड़ी गांव की 26 साल की आरती मलाह को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने एंबुलेंस बुलाई। सरपंच के वाहन से उसे मुख्य सड़क तक लाया गया।

## 7 साल से पुल का काम अधूरा



**नरसिंहपुर।** में 7 साल से पुल अधूरा बारिश में नदी उफान पर आ जाती महीने में सिर्फ एक दिन स्कूल जा रहीं छात्राएं स्कूली बच्चे इस सीढ़ी के सहारे निर्माणा धीन पुल पर चढ़ते हैं। स्कूली बच्चे इस सीढ़ी के सहारे निर्माणाधीन पुल पर चढ़ते हैं। मैं महीने में सिर्फ एक दिन ही स्कूल जा पाती हूं। बारिश होती है तो स्कूल में मन नहीं लगता है। हमेशा ये दिमाग में चलता रहता है कि बाढ़ आ गई तो घर कैसे

### एक नजर में



## महाविद्यालय में गुरु वंदना गायन आयोजित

**गोटेगांव।** विगत दिवस शासकीय ठाकुर निरंजनसिंह महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया । जिसमें सभी ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण देखा सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु वंदना का गायन कर महाविद्यालय के शिक्षकों का टीका वंदन किया द्व महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु शिष्य परंपरा के संबंध में ज्ञानवर्धक जानकारियां देते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। इसका महत्व विद्यार्थियों को बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ रुकमणि अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु अपने ज्ञान की रोशनी से अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर विद्यार्थियों को शिक्षित कर उनके जीवन को खुशी व आनंद से भर देते हैं आयोजन में विद्यार्थी एवं सभी सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी में शामिल हुए

## आर्यवीर पटेल ने विद्यालय का नाम किया रोशन



**गोटेगांव।** विगत दिवस नगर की प्रतिष्ठित संस्थान श्री निर्विकार पथ द्वारा संचालित एसबीएस पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम के 8 वीं क्लास में अध्ययनरत छात्र आर्यवीर पटेल ने 566/600 94.34 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ साथ संपूर्ण क्षेत्र व जिले को गौरवान्वित किया,छात्र आर्यवीर पटेल पिता अखिलेश पटेल माता श्रीमती प्रीति पटेल सिद्धेश्वर कॉलोनी गोटेगांव निवासी के सुपुत्र हैं, होनहार छात्र ने कड़ी मेहनत लगन के साथ परिश्रम कर परीक्षा में पाई इस सफलता का श्रेय प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं व अपने माता पिता को दिया,छात्र की इस उपलब्धि पर शिक्षक शिक्षिकाओं शाला परिवार व शुभचिंतकों परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुएबधाई देकर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## किरार समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**तेंदूखेड़ा।** हायर सेकंडरी और हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को आज किरार भवन में दोपहर दो बजे से समारोह पूर्वक सम्मानित किया जाएगा। हमारे प्रतिनिधि को किरार समीति के अध्यक्ष बसंत खेरोनिया ने बताया कि वर्ष 2025 में बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा दसवीं बारहवीं के किरार समाज के सभी छात्रों को दोपहर दो बजे से सम्मानित किया जाएगा जिसमें प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल तथा क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## किसानों को मिनीकिट बीज वितरण

**गोटेगांव।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकासखंड गोटेगांव के द्वारा मिनीकिट बीज वितरण का कार्यक्रम जनपद पंचायत सभाहाल में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश एवं कृषि विभाग के पदाधिकारी द्वारा बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों को मिनीकिट बीज वितरण किए जाने के उपरांत उपस्थित कृषि विभाग अधिकारियों ने किसानों को कृषि संबंधित जानकारी से किसानों को अवगत कराया साथ ही कृषि करने के लिए तरीका बतलाएं इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि वेद प्रकाश कुलस्ते मंडल अध्यक्ष भागवत पटेल जनपद उपाध्यक्ष दादूराम पटेल जनपद सदस्य रामजी पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग गोटेगांव के अधिकारी सहित क्षेत्रीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## गुरु की भक्ति भाव से पूजन अर्चन कर भक्तों ने लिया आर्शीवाद

**गोटेगांव।** विगतदिवस स्थानीय पटेलवार्ड स्थित जगत जननी मां नर्मदाजी के मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व भक्ति भाव श्रद्धा पूर्वक हर्ष उल्लासमय माहौल में मनाया गया सर्वप्रथम श्रद्धालु बंधुओ ने मां नर्मदा मैयाजी एवं गुरुजी की पूर्ण विधि विधान मंत्रउच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती वंदन कर आशीर्वाद ग्रहण किए जाने के उपरांत मंदिर पुजारी लखनलाल उप्पम ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए बताया कि गुरु पूर्णिमा का पर्व उन सभी के जीवन में बहुत महत्व रखता है जो अपने गुरु द्वारा बताए दिशा में आगे बढ़े और उन्नति पाए क्योंकि गुरु के आशीर्वाद के बिना जीवन में कुछ भी पाना संभव नहीं है तभी तो गुरु पूर्णिमा पर सभी शिष्य गुरु की पूजन अर्चन आरती बंधानकर उनकी महिमा का गुणगान करते हैं क्योंकि गुरु के आशीर्वाद के बिना भगवान को प्राप्त करना असंभव है।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने हेत सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहपुर।** जिले में भी राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने हेतु प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया उक्त ज्ञापन में यह मांग की गई की चुकी देश की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और उसके कारण देशके विकास में अनेक प्रावधान उत्पन्न हो रहे हैं इसलिए देश के सभी नागरिकों के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाए।

और यह सुनिश्चित किया जाए की कानून बनने के बाद 1 वर्ष के भीतर यह स्थिति हो जाए की कोई भी इस कानून का उल्लंघन न कर पाए यदि कोई इसका उल्लंघन करेगा तो उसको सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जाए सरकारी नौकरी से वंचित किया जाए चुनाव आदि लड़ने से भी वंचित किया जाए इस तरह यह कानून प्रभावी ढंग से देश में लागू होना चाहिए क्योंकि यदि हमारी जनसंख्या नियंत्रण में रहेगी तो देश का विकास तेजी से होगा और हम विश्व पटेल पर एक विकसित देश की तरह चमकेंगे अभी आप देखेंगे नरसिंहपुर जिले में ही सड़कों में इतनी अधिकभीड़ हो रही है चलना मुश्किल हो रहा है सरकारी अस्पतालों में बस स्टैंड में रेलवे स्टेशन पर कभी-कभी भीड़ इतनी अधिक हो जाती है कि उसका मैनेजमेंट करना कठिन हो जाता है यदि हम जनसंख्या नियंत्रण कानून प्रभावी ढंग से देश में लागू करेंगे तो निश्चित रूप से हम अपने संसाधनों का उपयोग कर देश को एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा कर सकेंगे इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट की सचिव शकुन नामदेव संरक्षक संध्या कोठारी भारती दीक्षित प्रवीण गोस्वामी सुमन शर्मा मिथिलेश भार्गव मानव अधिकार संघ की जिला अध्यक्ष सरिता अग्रवाल भारती कौरव शुभा पाठक तथा सरवरी सिद्दीकी एडवोकेट अखिलेश ओसवाल जितेंद्र सिंह स्वदेश कोठारी।

## पोषण प्रबंधन कार्यशाला में की योजनाओं की समीक्षा

### कमिश्नर ने आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** कमिश्नर जबलपुर संभाग धनंजय सिंह ने आज नरसिंहपुर जिले में भ्रमण कर देवरी- राजमार्ग में आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक शाला, पं. उमाशंकर शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजमार्ग- देवरी का निरीक्षण किया।

कमिश्नर सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से नाश्ता, मध्यान्ह भोजन प्रदान करने तथा उनका नियमित रूप से वजन, ऊंचाई एवं टीकाकरण करने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान कमिश्नर श्री सिंह ने प्राथमिक शाला देवरी- राजमार्ग और पं. उमाशंकर शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी- राजमार्ग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों के



शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों की समुचित व्यवस्थाओं हेतु निर्देश दिये। कमिश्नर सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजमार्ग का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित मरीजों से चर्चा कर उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियां की रोकथाम एवं समुचित उपचार की व्यवस्थाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग को अपने क्षेत्रों में निगरानी बनाए रखने एवं आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। कमिश्नर सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरतें। स्कूलों आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए।

### योजनाओं की मॉनिटरिंग

कार्यशाला में महिला बाल विकास विभाग के 0 से 6 वर्ष के बच्चों के पोषण स्तर, टेक होम राशन वितरण एवं प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना की समीक्षा कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे सभी बच्चों,गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समय पर पोषण आहार वितरित करें एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में सभी पात्र महिलाओं का समय पर पंजीयन कर उन्हें लाभ देना सुनिश्चित करें। परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर सप्ताह में नियमित रूप से भ्रमण कर विभागीय योजनाओं की मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से करें। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को



## चातुर्मास मंगल कलश की हुई स्थापना

**गोटेगांव।** विगत दिवस संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभाव शिष्य एवं अभिनव आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से अभीक्ष्ण ज्ञानापयोगी मुनिश्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 निर्दोष सागर जी महाराज का मंगलमयी पावन अमृत वर्षा योग गोटेगांव नगर में होने जा रहा है । 10 जुलाई को चातुर्मास के प्रथम सोपान में भव्य मंगल कलश स्थापना समारोह का आयोजन विद्या भवन में किया गया। ब्रह्मचारी भैया रविंद्र जी जबलपुर के कुशल मंत्रोच्चार एवं मंच संचालन के साथ सर्वप्रथम चातुर्मास समिति , जिला जैन महासभा के अध्यक्ष राजकुमार जैन एवं सभी जैन मंदिरों के प्रतिनिधियों ने आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। ब्रह्मचारिणी बहनों ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी, नगर की सिंधु महिला मंडल द्वारा भक्ति भाव से पूजन की थालियों में सजाई गई अष्ट द्रव्य से आचार्य भगवंत का पूजन